
296. दैनिक जागरण :- 09/09/2025

# बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा की जयंती पर आज होंगे कार्यक्रम

- स्मारक का कार्य धीमी गति से होने से लोगों में निराशा
- जुड़वां भाई बोले-विक्रम हमेशा खेल मैदान में रहते थे व्यस्त

संवाद सहयोगी, जागरण • पालमपुर : भारत माता के वीर सपूत, परमवीर चक्र विजेता बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा की जयंती मंगलवार को मनाई जाएगी। इस दौरान विभिन्न जगह उन्हें श्रद्धांजलि दी जाएगी। विक्रम का जन्म 9 सितंबर, 1974 को पालमपुर में जीएल बतरा और कमल कांता बतरा के घर हुआ था। यदि विक्रम जीवित होते तो आज वे 51 वर्ष के होते। विक्रम की प्रारंभिक शिक्षा केंद्रीय विद्यालय पालमपुर में हुई, जहां उन्होंने सेना के जवानों को देखकर सेना में जाने की प्रेरणा ली।

स्कूली शिक्षा के बाद, विक्रम ने चंडीगढ़ में आगे की पढ़ाई की और एनसीसी एयर विंग में शामिल हुए। कालेज के दौरान उन्हें मर्चेंट नेवी के लिए चुना गया, लेकिन उन्होंने अंग्रेजी में एमए करने का निर्णय लिया। इसके बाद, विक्रम ने भारतीय सेना में शामिल होने का निर्णय लिया और 6 दिसंबर, 1997 को 13 जम्मू कश्मीर राइफल्स में सेवा शुरू की। उस समय कारगिल



विक्रम बतरा • जागरण आर्काइव

युद्ध चल रहा था, जिसमें विक्रम की तैनाती युद्ध क्षेत्र में की गई। 1 जून, 1999 को लेफ्टिनेंट विक्रम बतरा ने दुश्मन के विरुद्ध मोर्चा संभाला और टुकड़ी के साथ हम्प और राकी नाब क्षेत्रों को जीतकर कैप्टन का रैंक प्राप्त किया। 20 जून, 1999 को उन्होंने 5140 चोटी पर विजय प्राप्त की और रेडियो पर कहा, "यह दिल मांगे मोर", जिससे वे पूरे देश में प्रसिद्ध हो गए। कैप्टन बतरा को 4875 प्वाइंट पर भारतीय ध्वज फहराने का लक्ष्य दिया गया। इस दौरान, अपने जूनियर लेफ्टिनेंट नवीन को बचाने के प्रयास में, वे पाकिस्तानी सैनिकों के हमले का शिकार हो गए। उनकी अंतिम सांस लेते समय उनके मुंह से "जय माता दी" निकला। विक्रम ने इस आपरेशन में दुश्मन के पांच सैनिकों को मार गिराया, लेकिन वे वीरगति को प्राप्त हो गए। भारत सरकार ने उन्हें मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया। उनकी याद में 4875 प्वाइंट को बतरा टाप नाम दिया गया। उनके जुड़वां भाई विशाल बतरा ने बचपन की यादें साझा करते हुए बताया कि विक्रम हमेशा खेल के मैदान में व्यस्त रहते थे। उनके पिता जीएल बतरा ने कहा कि विक्रम की याद में कई कार्य किए गए हैं, लेकिन पालमपुर में प्रस्तावित स्मारक की धीमी प्रगति से लोग निराश हैं।

297. पंजाब केसरी :- 10/09/2025

# शहीद कैप्टन विक्रम बतरा को श्रद्धा सुमन अर्पित

पालमपुर, 9 सितम्बर (गौरव): पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल ने मंगलवार को शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में शहीद कैप्टन विक्रम बतरा की जयंती पर आयोजित समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। विधायक ने इस दौरान शहीद मेजर सोमनाथ शर्मा, शहीद कैप्टन विक्रम बतरा और शहीद मेजर सुधीर वालिया की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि भी दी। विधायक ने कहा कि पालमपुर वीरभूमि के नाम से जाना जाता है। देश की रक्षा में यहां के अनेक वीरों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। सेना का सर्वोच्च सम्मान परमवीर चक्र सर्वप्रथम शहीद मेजर सोमनाथ शर्मा को प्रदान किया गया, वहीं कारगिल युद्ध में अपने अदम्य साहस व पराक्रम के लिए शहीद कैप्टन विक्रम बतरा को भी परमवीर चक्र से अलंकृत किया गया। उन्होंने कहा कि शांति काल का सर्वोच्च सम्मान अशोक चक्र शहीद मेजर सुधीर वालिया को दिया गया, जबकि कैप्टन सौरभ



पालमपुर:शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा की जयंती पर आयोजित समारोह में संबोधित करते विधायक आशीष बुटेल। (गौरव)

कालिया सहित कई वीरों ने मातृभूमि की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। आशीष बुटेल ने कहा कि हाल ही में महाविद्यालय में गर्ल होस्टल निर्माण के लिए शिक्षा मंत्री द्वारा के 5 करोड़ रुपए देने की घोषणा की गई है। कार्यक्रम के दौरान वर्ष भर पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कॉलेज प्राचार्य पंकज सूद ने मुख्यातिथि सहित उपस्थित गण्यमान्यों का स्वागत एवं सम्मान किया। इस मौके पर शहीद कैप्टन सौरभ कालिया के पिता डॉ. एन.के. कालिया को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में नगर निगम पालमपुर के मेयर गोपाल नाग, उपमहापौर राजकुमार, वूल फैडरेशन निदेशक मंडल के सदस्य त्रिलोक चंद, पार्षदगण तथा कॉलेज स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

Scanned with OKEN Scanner

DATE

198. दिव्य हिमाचल :- 10/09/2025

## शहीद कैप्टन विक्रम बतरा, मेजर सुधीर वलिया को दी श्रद्धांजलि



पालमपुर। पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल ने मंगलवार को शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय, पालमपुर में शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा की जयंती पर आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। विधायक ने इस दौरान शहीद मेजर सोम नाथ शर्मा, शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा और शहीद मेजर सुधीर वलिया की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि भी दी। विधायक ने कहा कि पालमपुर वीरभूमि के नाम से जाना जाता है। देश की रक्षा में यहां के अनेक वीरों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। सेना का सर्वोच्च सम्मान परमवीर चक्र सर्वप्रथम शहीद मेजर सोम नाथ शर्मा को प्रदान किया गया, वहीं कारगिल युद्ध में अपने अदम्य साहस व पराक्रम के लिए शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा को भी परमवीर चक्र से अलंकृत किया गया। इस मौके पर शहीद कैप्टन सौरभ कालिया के पिता डा. एनके कालिया को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नगर निगम पालमपुर के मेयर गोपाल नाग, उपमहापौर राजकुमार, त्रिलोक चंद, पार्षदगण तथा कॉलेज स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

199. दैनिक जागरण :- 10/09/2025

# कविता पाठ में पीयूष ने पाया प्रथम स्थान

## पालमपुर कालेज में बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा को 51वीं जयंती पर दी श्रद्धांजलि

संवाद सहयोगी, जागरण • पालमपुर: राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में मंगलवार को परमवीर चक्र विजेता बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा की 51वीं जयंती के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कविता पाठ प्रतियोगिता और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कविता पाठ प्रतियोगिता में पीयूष ने प्रथम, नेहा ने द्वितीय और आस्था ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल रहे, जिन्होंने महाविद्यालय परिसर में स्थित कैप्टन विक्रम बतरा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों का स्वागत करते हुए वीर सपूत और अन्य बलिदानियों की शूरवीरता को याद किया। उन्होंने कहा कि कैप्टन विक्रम बतरा ने देश की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका जीवन आज के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।





राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में कैप्टन विक्रम बतरा की जन्मतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद विधायक आशीष बुटेल व डा. एनके कालिया (दायें) कैप्टन विक्रम बतरा प्रतिमा स्थल पर श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद मेजर सुधीर वालिया के स्वजन • जागरण

मुख्य अतिथि ने कहा कि उनके बलिदान हमेशा प्रेरणादायक रहेंगे। उन्होंने महाविद्यालय की पत्रिका और ई-न्यूजलेटर का लोकार्पण भी किया।

उन्होंने बताया कि हाल ही में महाविद्यालय में गर्ल हास्टल के निर्माण के लिए शिक्षा मंत्री ने पांच करोड़ रुपये की घोषणा की है। महाविद्यालय में हिंदी, अंग्रेजी और पीजीडीसीए कोर्स की कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। इस दौरान विक्रम बतरा के पिता जीएल बतरा का भावुक संदेश भी पढ़ा गया, जिसमें उन्होंने कहा कि यह पहली बार है जब वह इस आयोजन में शामिल नहीं हो पाए।

कार्यक्रम में बलिदानी सौरभ कालिया के पिता डा. एनके कालिया, नगर निगम पालमपुर के मेयर गोपाल नाग, उपमहापौर राजकुमार, वूल फेडरेशन निदेशक मंडल के सदस्य त्रिलोक चंद, पार्षद, कालेज स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे। समारोह का धन्यवाद प्रस्ताव उपप्राचार्य प्रो. कल्पना ऋषि ने प्रस्तुत किया। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर शांतिकाल के सर्वोच्च वीरता पुरस्कार अशोक चक्र से सम्मानित मेजर सुधीर कुमार वालिया के स्वजन ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।



Scanned with OKEN Scanner

300, हिमाचल दस्तक :- 10/09/2025

# शहीद कैप्टन विक्रम बतरा को पुष्पांजलि अर्पित की

## कॉलेज में 51वीं जयंती पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

हिमाचल दस्तक ■ पालमपुर



शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में मंगलवार को परमवीर चक्र विजेता बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा की 51वीं जयंती के अवसर पर कविता पाठ प्रतियोगिता और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल ने शिरकत की। मुख्यअतिथि ने संस्थान के परिसर में स्थित कैप्टन विक्रम बतरा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और वंदे मातरम से हुई। प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद ने मुख्यअतिथि तथा अन्य अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने वीर सपूत कैप्टन विक्रम बतरा तथा अन्य शहीदों की शूरवीरता का स्मरण करते हुए उनके प्रेरणादायक प्रसंगों पर प्रकाश डाला।

**■ विधायक आशीष बुटेल ने बतौर मुख्यअतिथि की शिरकत**

उन्होंने कहा कि कैप्टन बतरा ने देश की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया, उनका जीवन आज के युवाओं के लिए एक प्रेरणा है। मुख्यअतिथि विधायक आशीष बुटेल ने कहा कि पालमपुर की धरती वीरों की धरती है। हम शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं जिनके बलिदान प्रेरणादायक हैं। मुख्यअतिथि ने महाविद्यालय पत्रिका एवं ई न्यूजलेटर का विमोचन भी किया। इस अवसर पर आयोजित काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पीयूष, द्वितीय स्थान नेहा, तृतीय स्थान आस्था ने प्राप्त किया। विक्रम बतरा के पिता ने भावुक संदेश प्रेषित किया। उन्होंने कहा कि पहली बार ऐसा हुआ कि मैं आयोजन में शामिल नहीं हो पाया।

301. अमर उजाला :- 10/09/2025

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी किए सम्मानित

संवाद न्यूज एजेंसी

**पालमपुर कॉलेज में मनाई कैप्टन विक्रम बतरा की जयंती**

पालमपुर (कांगड़ा)। विधायक आशीष बुटेल ने शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय पालमपुर में बलिदानी कैप्टन विक्रम बत्रा की जयंती पर आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

उन्होंने इस दौरान बलिदानी मेजर सोमनाथ शर्मा, कैप्टन विक्रम बतरा और मेजर सुधीर वालिया की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि भी दी। विधायक ने कहा कि पालमपुर को वीर भूमि के नाम से जाना जाता है। सेना का सर्वोच्च सम्मान परमवीर चक्र सर्वप्रथम बलिदानी मेजर सोमनाथ शर्मा को प्रदान किया गया और कारगिल युद्ध में अपने अदम्य साहस व पराक्रम के लिए बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा को भी परमवीर चक्र से अलंकृत किया गया।

उन्होंने कहा कि शांति काल का सर्वोच्च सम्मान अशोक चक्र बलिदानी मेजर सुधीर वालिया को दिया गया जबकि कैप्टन सौरभ कालिया सहित कई वीरों ने मातृभूमि की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। आशीष बुटेल ने कहा कि हाल ही में महाविद्यालय में छात्रा हॉस्टल निर्माण के लिए शिक्षा मंत्री की ओर से पांच करोड़ रुपये देने की घोषणा की गई है।

उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में हिंदी, अंग्रेजी तथा पीजीडीसीए कोर्स की कक्षाएं भी संचालित की जा रही हैं। इससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक अवसर मिल रहे हैं। विधायक ने पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। कॉलेज प्राचार्य पंकज सूद ने मुख्यातिथि सहित उपस्थित लोगों का स्वागत किया तथा बलिदानी विक्रम बतरा के जीवन पर प्रकाश डाला।

बलिदानी कैप्टन सौरभ कालिया के पिता डॉ. एनके कालिया को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नगर निगम पालमपुर के मेयर गोपाल नाग, उपमहापौर राजकुमार, वूल फेडरेशन निदेशक मंडल के सदस्य त्रिलोक चंद, पार्षदगण तथा कॉलेज स्टाफ और विद्यार्थी मौजूद रहे।

classmate



Scanned with OKEN Scanner

302. The Tribune :- 10/09/2025



An event held at the Palampur college on Tuesday. TRIBUNE PHOTO

# Students pay tribute to Capt Batra's legacy

**OUR CORRESPONDENT**

**PALAMPUR, SEPTEMBER 9**

Shaheed Captain Vikram Batra Government College, Palampur, observed the birth anniversary of Param Vir Chakra awardee Amar Shaheed Captain Vikram Batra with deep reverence and patriotic fervour. The occasion was graced by MLA Ashish Butail as the chief guest. The programme commenced with floral tributes to the martyr, followed by stirring patriotic cultural performances by students.

In his welcome address, Principal S Pankaj Sood paid homage to the valiant soldier and extended a warm welcome to the parents of martyrs and dignitaries. He said, "Our college is privileged to be named after a national hero whose life inspires us to strive for excellence and serve society with dedication. This commemoration is not just a tribute, but also a reminder for our students to uphold his values of courage, discipline and selfless service."

On the occasion, the MLA released the college magazine and e-newsletter. While saluting Captain Batra's supreme sacrifice, Butail urged students to emulate his ideals of bravery and patriotism. He remarked, "It is the duty of today's youth to live with the spirit of 'Yeh Dil Maange More' and dedicate themselves to the service of the nation, just as Captain Vikram Batra did."

303. दिव्य हिमाचल :- 19/09/2025

## स्वयंसेवकों ने पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



पालमपुर। शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय ने आज एक बड़े पैमाने पर पौधारोपण अभियान के साथ अहम पर्यावरणीय उपलब्धि हासिल की। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में 60 छात्रों और संकाय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की पुष्टि हुई। अभियान की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य पंकज सूद ने किया, जिन्होंने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए सामुदायिक कार्रवाई के महत्त्व पर सभा को संबोधित किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों राजीव भोरिया और पूनम शर्मा के मार्गदर्शन मे स्वयंसेवकों ने 100 पौधे लगाए, जिनमें क्षेत्र में पनपने वाली स्थानीय प्रजातियां भी शामिल थीं। छात्रों ने गड्ढे खोदे, युवा पौधों को पानी दिया और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। प्राचार्य पंकज ने एनएसएस इकाई की सक्रिय भूमिका की सराहना की।



Scanned with OKEN Scanner

304 पंजाब केसरी :- 19/09/2025 308




पालमपुर : शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में 60 छात्रों और संकाय सदस्यों ने भाग लिया। प्राचार्य पंकज सूद ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए सामुदायिक कार्रवाई के महत्व पर संबोधित किया। वरिष्ठ संकाय सदस्यों प्रोफैसर कल्पना ऋषि, प्रोफैसर अजय ठाकुर, डा. दीप ठाकुर, प्रोफैसर विपिन कुमार और डा. तनवीर का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारियों राजीव भोरिया और पूनम शर्मा के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने 100 पौधे लगाए। (भृगु)

305 हिमाचल दस्तक :- 19/09/2025

306. दैनिक जागरण :- 19/09/2025

## एनएसएस स्वयंसेवियों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

पालमपुर। शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय ने वीरवार को पौधरोपण अभियान के साथ एक महत्वपूर्ण पर्यावरणीय उपलब्धि हासिल की। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में 60 छात्रों और संकाय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अभियान की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य पंकज सूद ने किया, जिन्होंने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए सामुदायिक कार्रवाई के महत्व पर सभा को संबोधित किया। यह आयोजन एक सहयोगात्मक प्रयास था, जिसमें वरिष्ठ संकाय सदस्यों प्रो. कल्पना ऋषि, प्रो. अजय ठाकुर, डॉ. दीप ठाकुर, प्रो. विपिन कुमार और डॉ. तनवीर का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिन्होंने छात्रों के साथ सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम अधिकारियों राजीव भोरिया और पूनम शर्मा के मार्गदर्शन में, स्वयंसेवकों ने 100 पौधे लगाए। प्राचार्य पंकज सूद ने एनएसएस इकाई की सक्रिय भूमिका की सराहना की।

## पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

309

संवाद सहयोगी, जागरण • पालमपुर : बलिदानी कैप्टन बिक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्राचार्य पंकज सूद ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए सामुदायिक कार्रवाई के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने एनएसएस इकाई की सक्रिय भूमिका की सराहना की। कहा कि ऐसे आयोजन न केवल पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि युवा पीढ़ी में जिम्मेदारी की भावना पैदा करने के लिए भी आवश्यक हैं। कार्यक्रम अधिकारी राजीव भोरिया व पूनम शर्मा के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने 100 पौधे लगाए।

307 दैनिक भास्कर :- 19/09/2025

## एनएसएस स्वयंसेवकों ने पौध रोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

पालमपुर| शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय की एनएसएस इकाई ने पौधरोपण अभियान आयोजित किया। 60 छात्रों और संकाय सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। प्राचार्य पंकज सूद ने जलवायु परिवर्तन और सामुदायिक कार्रवाई पर जोर दिया। छात्रों ने गड्ढे खोदे, पौधों को लगाया और पानी दिया।

Scanned with OKEN Scanner

DATE

308 दिव्य हिमाचल :- 20/9/2025

# कार्यक्रम की अनुमति न मिलने पर धरने पर बैठे एबीवीपी कार्यकर्ता

**कार्यालय संवाददाता-पालमपुर**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कैप्टन विक्रम बतरा कालेज की विभिन्न समस्याओं के समाधान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति न दिए जाने पर प्राचार्य कक्ष में धरना दे दिया। जिसके बाद सुरक्षा कारणों से कालेज प्रबंधन ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। हालांकि कालेज प्रबंधन ने आगे किसी कार्रवाई को लेकर शिकायत नहीं दी है। बतरा कालेज एबीवीपी इकाई मंत्री अंकित्त कपूर ने कहा कि प्रशासन को इस एवज में ज्ञापंन सौंपा गया था लेकिन प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों की जायज मांगों पर कोई सकारात्मक पहल न की गई और न ही सांस्कृतिक समारोह की अनुमति प्रदान की गई। एबीवीपी का आरोप है कि लोकतांत्रिक तरीके से धरना-प्रदर्शन कर अपनी आवाज उठाई, तो महाविद्यालय के प्रधानाचार्य ने छात्रों की आवाज दबाने के लिए पुलिस बल का सहारा लेने का प्रयास किया। उधर कालेज प्रबंधन का कहना है कि जिस कार्यक्रम की अनुमति मांगी गई थी उसे लेकर एडवाईजरी कमेटी ने चर्चा के बाद कुछ कारणों से ऐसा संभव न होने पर सहमति जताई थी। वहीं प्रबंधन का आरोप है कि शुक्रवार को एबीवीपी के छात्रों में कुछ बाहरी लोग भी शामिल थे और लॉ एंड आर्डर व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस को सुचित किया गया था।

309 पंजाब केसरी :- 20/09/2025

# बत्रा महाविद्यालय- फ्रैशर पार्टी को लेकर गहमागहमी, बुलानी पड़ी पुलिस

## अभाविप का आरोप, मांगों को उठाने पर एफ.आई.आर. की धमकी दे रहा महाविद्यालय प्रशासन, प्रशासन ने कहा, मांग उठाने वाले अधिकांश महाविद्यालय के छात्र नहीं

पालमपुर, 19 सितम्बर (भृगु): शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में फ्रैशर पार्टी के आयोजन को लेकर छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद तथा महाविद्यालय प्रशासन के मध्य विवाद की स्थिति उभरी। ऐसे में प्रशासन द्वारा किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने हेतु पुलिस को बुलाया गया।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का आरोप है कि संगठन फ्रैशर पार्टी का आयोजन करना चाहता था परंतु महाविद्यालय प्रशासन ने इसकी अनुमति नहीं दी। जबकि महाविद्यालय प्रशासन का तर्क है कि महाविद्यालय में इस प्रकार की परंपरा नहीं है कि किसी बैनर के तले फ्रैशर पार्टी का आयोजन हो, वहीं चूंकि महाविद्यालय में ऑडिटोरियम की सुविधा नहीं है ऐसे में इस प्रकार के आयोजन से समूचे महाविद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियां प्रभावित होती हैं।

### यह हैं अभाविप के आरोप

अभाविप के अनुसार महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेतृत्व में संस्थान की विभिन्न समस्याओं के समाधान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति हेतु महाविद्यालय प्रशासन को ज्ञापन सौंपा था। किन्तु प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों की जायज मांगों पर कोई सकारात्मक पहल न की गई और न ही सांस्कृतिक समारोह की अनुमति प्रदान की गई। जब छात्रों ने लोकतांत्रिक तरीके से धरना-प्रदर्शन कर अपनी आवाज उठाई तो महाविद्यालय के प्रधानाचार्य ने छात्रों की आवाज दबाने के लिए पुलिस बल का सहारा लेने का प्रयास किया। यहां तक कि उन्हें एफ.आई.आर. दर्ज करने की धमकी तक दी गई।

" अभाविप के कार्यकर्त्ता जिनमें से अधिकांश महाविद्यालय के छात्र नहीं है, वे फ्रैशर पार्टी करने की अनुमति मांगी परंतु महाविद्यालय की परंपरा के अनुसार किसी भी बैनर के तले इस प्रकार की पार्टी की अनुमति नहीं दी गई। चूंकि यह लोग अंदर धरने पर बैठे थे ऐसे में पुलिस को सूचित किया गया परंतु किसी प्रकार की कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं करवाई गई है। मात्र शांति बनाए रखने तथा शैक्षणिक माहौल को बनाए रखने के लिए ऐसा किया गया ताकि शेष विद्यार्थियों की शैक्षणिक गतिविधियां प्रभावित न हों।

-डा पंकज सूद, प्राचार्य, बत्रा महाविद्यालय पालमपुर

Scanned with OKEN Scanner

DATE

पंजाब केसरी :- 21/9/2025

# अ.भा.वि.प. ने किया धरना-प्रदर्शन

पालमपुर, 20 सितम्बर (भृगु): छात्र संगठन अ.भा.वि.प. ने शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय प्रशासन पर राजनेताओं के दबाव में निर्णय लेने का आरोप लगाया है। वहीं अपनी मांगों को लेकर महाविद्यालय परिसर में धरना-प्रदर्शन किया।

अ.भा.वि.प. ने कहा कि महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेतृत्व में संस्थान की विभिन्न समस्याओं के समाधान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति हेतु महाविद्यालय प्रशासन को ज्ञापन सौंपा था मगर महाविद्यालय प्रशासन ने पुलिस के माध्यम से विद्यार्थियों पर एफ.आई.आर. करके उनकी आवाज दबाने की कोशिश की परन्तु कोई समाधान न होने पर आज फिर विद्यार्थी परिषद द्वारा धरना-प्रदर्शन किया गया।

किन्तु प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों की जायज मांगों पर कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई और न ही सांस्कृतिक समारोह की अनुमति प्रदान की गई। इसे देख कर आज फिर छात्रों ने लोकतांत्रिक तरीके से धरना-प्रदर्शन कर अपनी आवाज उठाई। इकाई मंत्री अंकित ने कहा कि जब तक इन मांगों को पूरा नहीं किया गया, तब तक विद्यार्थी परिषद लगातार आंदोलन करती रहेगी।



पालमपुर : अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते अ.भा.वि.प. के कार्यकर्त्ता। (भृगु)

दैनिक जागरण :- 21/9/25

# पालमपुर कालेज में अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस मनाया



पालमपुर कालेज में कार्यक्रम के बाद रोवर्स एवं रेंजर्स व स्टाफ • सौजन्य : कालेज

पालमपुर : बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर की रोवर्स एवं रेंजर्स इकाई ने अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस मनाया। इस अवसर पर विश्व में शांति बनाए रखने के संकल्प के साथ हस्ताक्षर अभियान और शांति रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने किया, जिन्होंने पहले हस्ताक्षर कर अभियान की औपचारिक शुरुआत की। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शांति दिवस हमें विश्व शांति, सद्भाव और अहिंसा को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करता है। यह दिन हमें सिखाता है कि शक्ति के बजाय संवाद और समझ से शांति हासिल की जा सकती है। इसके बाद विद्यार्थियों ने विश्व शांति का संदेश लेकर शांति रैली निकाली। इस आयोजन में 32 रेंजर्स और रोवर्स ने भाग लिया। (संस)

PAGE

classmate

Scanned with OKEN Scanner

DATE

12. दैनिक जागरण :- 21/09/2025

## पर्यटकों के गंदगी फैलाने पर डाला प्रकाश



पालमपुर कालेज में स्वच्छता को लेकर नुक्कड़ नाटक देखते छात्र व स्टाफ • सौ. कालेज

पालमपुर : बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय प्रालमपुर में शनिवार को बीएससी मेडिकल के विद्यार्थियों ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। यह नाटक "घूमी घूमी" विषय पर आधारित था, जिसमें विद्यार्थियों ने पर्यटकों की ओर से प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने के साथ गंदगी फैलाने के नकारात्मक प्रभाव को दर्शाया। इस नाटक का निर्देशन ईको क्लब की समन्वयक डा. मीनाक्षी ठाकुर ने किया। प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने छात्रों की प्रस्तुति की सराहना की और कहा कि हमें पर्यावरण की सुरक्षा को प्राथमिकता देनी चाहिए। प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह जिम्मेदारियों को समझे और कचरे का सही निपटान करे। इस अवसर पर शिक्षक एवं गैर शिक्षक वर्ग के सदस्य भी उपस्थित रहे। (संस)

13. दिव्य हिमाचल :- 21/09/2025

14. पंजाब केसरी !- 21/09/2025

## बतरा कालेज के रोवर्स-रेंजर्स ने निकाली शांति रैली

पालमपुर। शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर की रोवर्स एवं रेंजर्स इकाई द्वारा अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विश्व में शांति बनाए रखने के संकल्प के साथ हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया तथा शांति रैली निकाली गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने प्रथम हस्ताक्षर कर हस्ताक्षर अभियान की औपचारिक शुरुआत के साथ किया। यह आयोजन रोवर लीडर डा. रविंदर ठाकुर एवं रेंजर लीडर प्रो. किरण के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर कुल 32 रेंजर्स और रोवर्स ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रो. कल्पना ऋषि, डा. अजय ठाकुर, डा. अनीता सरोच, प्रो. धनबीर, डा. दीप, प्रो. सुनीला सिरमोरिया, प्रो. तरसेम, डा. साहिल महाजन, डा. मयंक राणा एवं अन्य प्राध्यापक गण उपस्थित रहे।

## बतरा महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस मनाया

पालमपुर, 20 सितम्बर (भृगु): शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर की रोवर्स एवं रेंजर्स इकाई द्वारा अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस मनाया। इस अवसर पर विश्व में शांति बनाए रखने के संकल्प के साथ हस्ताक्षर अभियान आयोजित चलाया गया तथा शांति रैली निकाली।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने प्रथम हस्ताक्षर कर हस्ताक्षर अभियान की औपचारिक शुरूआत की। यह आयोजन रोवर लीडर डॉ. रविंदर ठाकुर एवं रेंजर लीडर प्रो. किरण के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

इस अवसर पर कुल 32 रेंजर्स और रोवर्स ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रो. कल्पना ऋषि, डॉ. अजय ठाकुर, डॉ. अनीता सरोच, प्रो. धनबीर, डॉ. दीप, प्रो. सुनीता सिरमोरिया, प्रो. तरसेम, डॉ. साहिल महाजन, डॉ. मयंक राणा एवं अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

PAGE

Scanned with OKEN Scanner

DATE

315. अमर उजाला :- 23/09/2025

## हिंदी पखवाड़े पर करवाईं प्रतियोगिताएं



विक्रम बतरा कॉलेज पालमपुर में हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी। स्रोत : कॉलेज प्रबंधन

पालमपुर (कांगड़ा)। शहीद कैप्टन विक्रम बतरा और राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के हिंदी विभाग के सौजन्य से 15 से 29 सितंबर तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर नारा लेखन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। कॉलेज प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। इसी कड़ी में हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। विजेता प्रतिभागियों को 29 सितंबर को हिंदी-पखवाड़ा समापन समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। संवाद

(316.) हिमाचल दस्तक :- 23/9/25

321

## हिंदी पखवाड़े का किया जा रहा आयोजन

पालमपुर। हिंदी भाषा को प्रचारित प्रसारित और संवर्धित करने के उद्देश्य से परिचालित शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के हिंदी विभाग के सौजन्य से 15 सितंबर से 29 सितंबर तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर संस्थान के सभा कक्ष में नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। इन प्रतियोगिताओं में लगभग 80 विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर प्राचार्य पंकज सूद ने अपने वक्तव्य के माध्यम से प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी और उन्हें भविष्य में इसी प्रकार से अनेक प्रतियोगिताओं में उत्साह पूर्वक भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस कड़ी में हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। विजेता प्रतिभागियों को 29 सितंबर हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा।

317. पंजाब केसरी :- 23/09/2025

## गणित प्रशिक्षण शिविर का प्रतिभागी अक्षय सम्मानित

पालमपुर, 22 सितम्बर (भगु) : एन.आई.टी. हमीरपुर में एक सप्ताह का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन गणित प्रशिक्षण एवं प्रतिभा खोज ट्रस्ट द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के छात्र अक्षय कुमार ने भाग लिया। प्राचार्य पंकज सूद ने छात्र को प्रमाण,पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान गणित विभाग के विभागाध्यक्षा डा. अनुपम डोगरा तथा आदित्य ओझा उपस्थित रहे। प्रशिक्षण शिविर में छात्र का अनुभव अतुलनीय रहा। शिविर में पूरे भारत के 150 बच्चों ने भाग लिया। जिसमें 50 बच्चों का चयन हुआ। संस्थान के सभा कक्ष में नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं करवाई गईं। इन प्रतियोगिताओं में लगभग 80 विद्यार्थियों ने भाग लियी। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। विजेता प्रतिभागियों को 29 सितम्बर हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा।

(318.) दैनिक जागरण :- 23/09/25

## इग्नू ने 30 सितंबर तक बढ़ाई प्रवेश तिथि

संवाद सहयोगी, जागरण • पालमपुर : इग्नू ने स्नातक, स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा कार्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 सितंबर कर दी है। इच्छुक छात्र अब इस तिथि तक विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इग्नू स्टडी सेंटर 1187, बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के समन्वयक डा. दीप कुमार ने यह जानकारी दी।

319. हिमाचल दस्तक :- 23/09/2025

## शिविर में 150 बच्चों ने लिया भाग

पालमपुर। एनआईटी हमीरपुर में एक सप्ताह का प्रशिक्षण शिविर इनिट मैथ 2025 का आयोजन गणित प्रशिक्षण एवं प्रतिभा खोज ट्रस्ट द्वारा दिनांक 15 से 20 सितंबर तक आयोजित किया गया, जिसमें राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के छात्र अक्षय कुमार ने भाग लिया। प्राचार्य पंकज सूद ने छात्र को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया और इनको गणित के क्षेत्र में उच्च स्तर का योगदान देने की भी प्रेरणा दी। इस दौरान गणित विभाग के विभागाध्यक्षा डॉ. अनुपम डोगरा तथा आदित्य ओझा उपस्थित रहे। शिविर में पूरे भारत के 150 बच्चों ने भाग लिया, जिसमें 50 बच्चों का चयन हुआ। इसमें अक्षय कुमार का नाम भी शामिल है।

(320.) दैनिक जागरण :- 23/9/25

## शिविर में भाग लेने पर अक्षय कुमार सम्मानित

पालमपुर : एनआइटी हमीरपुर में 15 से 20 सितंबर तक आयोजित एक सप्ताह के प्रशिक्षण शिविर में राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के छात्र अक्षय कुमार ने भाग लिया। प्राचार्य पंकज सूद ने उन्हें प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया और गणित के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर गणित विभाग की अध्यक्ष डा. अनुपम डोगरा और आदित्य ओझा भी उपस्थित रहे। अक्षय कुमार ने बताया कि शिविर में गणित की चर्चा निरंतर होती रही, जिसमें मूलभूत सिद्धांतों को समझने और समस्याओं के समाधान पर विशेष ध्यान दिया गया। पूरे भारत से 150 छात्रों ने भाग लिया, जिनमें से 50 का चयन हुआ, जिसमें अक्षय का नाम भी शामिल है। (संस)

Scanned with OKEN Scanner

DATE

321 दैनिक जागरण :- 25/09/2025

# पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में पलक ने पाया प्रथम स्थान

## नारा लेखन प्रतियोगिता में छात्रा अदिति ने मारी बाजी



बतरा कालेज पालमपुर में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद स्टाफ व विद्यार्थी • सौः कालेज

संवाद सहयोगी, जागरण • पालमपुर : बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में एनएसएस का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने शिरकत की। इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग व नारा लेखन प्रतियोगिता करवाई गई। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में पलक प्रथम, द्वितीय स्थान पर पलकव तृतीय स्थान शगुन ने पाया। नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अदिति, द्वितीय स्थान आकांक्षा और तृतीय स्थान पलक ने पाया। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. राजीव भौरिया प प्रो. पूनम शर्मा प्रो. कल्पना ऋषि , डा. मीनाक्षी ठाकुर व प्रोफेसर मनीषा शर्मा आदि मौजूद रहे।

अमर उजाला :.
322. 25/09/2025

## नारा लेखन में अदिति प्रथम

पालमपुर (कांगड़ा)। शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में एनएसएस दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि प्राचार्य प्रो. पंकज सूद थे।

उन्होंने छात्रों को समाज सेवा और एनएसएस गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. राजीव भौरिया और प्रो. पूनम शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान पोस्टर मेकिंग में पलक ने प्रथम, पलक कुमारी ने द्वितीय और शगुन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नारा लेखन में अदिति ने प्रथम, आकांक्षा ने द्वितीय और पलक ने तृतीय स्थान हासिल किया। संवाद

323. पंजाब केसरी :- 25/09/2025



पालमपुर : शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय में अभिभावक अध्यापक संघ की कार्यकारिणी के गठन के लिए आयोजित आम सभा में प्राचार्य प्रो पंकज सूद ने स्थान के विकास पर लघु वक्तव्य से प्रकाश डाला। नई कार्यकारिणी में विक्रमजीत सिंह को प्रधान, संतोष कुमारी को उपप्रधान, प्रो. धनवीर को सचिव, विजय कुमार को सहसचिव, रमेश कुमार को कोषाध्यक्ष व प्रो. तरसेम को मुख्य सलाहकार चुना गया जबकि प्रो. कल्पना ऋषि, डा. अजय ठाकुर, डा. अनीता सरोच, प्रो. सुनीता कटोच, प्रो. मनीषा, प्रो. तनवीर और प्रो. निशा चन्देल सदस्य चुने गए। (ब्यूरो)

Scanned with OKEN Scanner

DATE

324. दिव्य हिमाचल :- 25/09/2025

## विक्रमजीत सिंह प्रधान, संतोष कुमारी चुनीं उपप्रधान

पालमपुर। शहीद कैप्टन बिक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में अभिभावक अध्यापक संघ की नई कार्यकारिणी के गठन के लिए आम सभा की बैठक 24 सितंबर 2025 बुधवार को महाविद्यालय के सभागार में आयोजित की गई। संस्थान के प्राचार्य प्रो. पंकज सूद द्वारा विद्यार्थियों की प्रगति/शैक्षणिक गतिविधियों और संस्थान के विकास पर लघु वक्तव्य द्वारा प्रकाश डाला गया। इसके पश्चात शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवीन कार्यकारिणी के अंतर्गत विक्रमजीत सिंह को प्रधान, संतोष कुमारी को उप प्रधान, प्रो. धनवीर को सचिव, विजय को सहसचिव, रमेश को कोषाध्यक्ष, प्रो. तरसेम को मुख्य सलाहकार बनाया गया। जबकि कार्यकारिणी के सदस्यों में प्रो. कल्पना ऋषि, डा. अजय, डा. अनीता, प्रो. सुनीता, प्रो. मनीषा, प्रो. तनवीर और प्रो. निशा चंदेल को चयनित किया गया।

325. दैनिक जागरण :- 25/09/2025

## बतरा कालेज पीटीए के विक्रमजीत बने प्रधान

पालमपुर : बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में बुधवार को अभिभावक अध्यापक संघ (पीटीए) का गठन किया गया। इसमें विक्रमजीत सिंह को प्रधान, संतोष कुमारी को उपप्रधान, प्रो. धनवीर को सचिव, विजय कुमार को सहसचिव, रमेश कुमार को कोषाध्यक्ष तथा प्रो. तरसेम को मुख्य सलाहकार चुना गया। इसके अलावा प्रो. कल्पना ऋषि, डा. अजय ठाकुर, डा. अनीता सरोच, प्रो. सुनीता कटोच, प्रो. मनीषा, प्रो. तनवीर और प्रो. निशा चंदेल को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने संस्थान के विकास पर लघु वक्तव्य दिया। (संस)

326. हिमाचल दस्तक :- 25/09/2025

## विक्रमजीत सिंह प्रधान व संतोष कुमारी बनी उपप्रधान

पालमपुर। शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में अभिभावक-अध्यापक संघ (पीटीए) की नई कार्यकारिणी के गठन के लिए आम सभा की बैठक बुधवार को महाविद्यालय के सभागार में आयोजित की गई। संस्थान के प्राचार्य प्रो. पंकज सूद द्वारा विद्यार्थियों की प्रगति शैक्षणिक गतिविधियों और संस्थान के विकास पर लघु वक्तव्य द्वारा प्रकाश डाला गया। इसके पश्चात गत वर्ष की कार्यकारिणी को भंग करके शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवीन कार्यकारिणी के अंतर्गत विक्रमजीत सिंह को प्रधान, संतोष कुमारी को उपप्रधान, प्रो. धनवीर को सचिव, विजय कुमार को सहसचिव, रमेश कुमार को कोषाध्यक्ष तथा तरसेम को मुख्य सलाहकार के रूप में चुना गया जबकि कार्यकारिणी के सदस्यों के रूप में प्रो. कल्पना ऋषि, डॉ. अजय ठाकुर, डॉ. अनीता सरोच, प्रो. सुनीता कटोच, प्रो. मनीषा, प्रो. तनवीर और प्रो. निशा चंदेल को चयनित किया गया।

Scanned with OKEN Scanner

DATE

327. दैनिक जागरण : 27/09/2025

## पालमपुर कालेज में विद्यार्थियों का किया मार्गदर्शन

पालमपुर : बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में करियर गाइडेंस काउंसिलिंग एवं प्लेसमेंट सेल की ओर से निंबस अकादमी चंडीगढ़ के सहयोग से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्रों को करियर मार्गदर्शन प्रदान करना, रक्षा सेवाओं में उपलब्ध अवसरों की जानकारी देना, वर्तमान घटनाओं की समझ विकसित करना और व्यावहारिक कौशल सिखाना था। कार्यशाला में राजीव कुमार और दिनेश वर्मा बतौर रिसोर्सपर्सन उपस्थित रहे। महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं छात्रों को अकादमिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक दृष्टिकोण भी प्रदान करती हैं। मंच संचालन प्रो. साहिल महाजन ने किया। कार्यक्रम के अंत में एक प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया और प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर डा. अजय ठाकुर, डा. अनुपम डोगरा, डा. अनुराधा शर्मा, प्रो. धनवीर, प्रो. विवेक चौधरी, प्रो. राजीव भोरिया, डा. निशा चंदेल, प्रो. तरसेम, प्रो. मयंक, डा. दिवाकर, प्रो. सुरेश सहित 200 विद्यार्थी उपस्थित रहे। (संस)

328. दैनिक जागरण : 30/09/2025

# हिंदी पखवाड़े के विजेता प्रतिभागी किए सम्मानित



पालमपुर में सोमवार को कार्यक्रम के दौरान स्टाफ के साथ प्रतिभागी • सौ. कालेज प्रबंधन

संवाद सहयोगी, जागरण • पालमपुर : बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में सोमवार को हिंदी पखवाड़े के समापन पर मुख्य अतिथि कार्यकारी प्राचार्य प्रो. कल्पना ऋषि ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। हिंदी पखवाड़े में करवाई कविता पाठ प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डा. अनुपम डोगरा, डा. अनीता सरोच और प्रो. सुनीता कटोच ने निभाई। नारा लेखन में प्रथम कशिश कटोच, द्वितीय आस्था, तृतीय हेमंत किशोर तथा सांत्वना पुरस्कार श्रेया शर्मा को हासिल हुआ। पोस्टर मेकिंग में प्रथम पायल कपूर, द्वितीय साक्षी, तृतीय हेमंत किशोर और सांत्वना पुरस्कार आस्था को मिला। कविता पाठ में प्रथम पायल, द्वितीय नेहा, तृतीय दीपाक्षी तथा सांत्वना पुरस्कार आस्था ने प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रो. धनवीर, डा. मीनाक्षी ठाकुर, प्रो. मनीषा, प्रो. तरसेम, प्रो. मयंक, प्रो. रविंदर, आस्था, सचिन, प्राध्यापक डा. निशा चंदेल, प्रो आरती डोहरू तथा डा. रीना राणा मौजूद रहीं।

इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के सप्ताह के पहले निबंध लेखन प्रतियोगिता करवाई गई। इसका उद्देश्य महात्मा गांधी के शांति, अहिंसा, सहिष्णुता और सद्भावना के मूल्यों का प्रसार करना तथा विद्यार्थियों को आधुनिक समाज में अहिंसा के महत्व पर विचार व्यक्त करने के लिए प्रेरित करना रहा।

केएलबी डीएवी कन्या महाविद्यालय पालमपुर में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आइक्यूएसी) के सहयोग से करवाए हिंदी पखवाड़े की विभिन्न गतिविधियों की विजेता प्रतिभागियों को सोमवार को प्रमाणपत्र बांटे गए। कहानी लेखन में सविता (एमए हिंदी) पहले, कनिका (बीबीए) दूसरे, दियांशु राणा (बीए) तीसरे, निबंध लेखन में ईशा चंदेल (एमसीए) प्रथम, सोनिया (एमसीए) द्वितीय व चित्रा कटोच (राजनीति शास्त्र) तृतीय स्थान पर आईं।

PAGE

classmate

DATE

329 पंजाब केसरी हिंदी पखवाड़ा 30/09/2025

329 -

# सुलेखन में महक व नारा लेखन में कशिश प्रथम

पालमपुर, 29 सितम्बर(भृगु): शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में हिंदी विभाग के सौजन्य से हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत सुलेख, नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग और कविता पाठ प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। समारोह में मुख्यातिथि के रूप में कार्यकारी प्राचार्या प्रोफैसर कल्पना ऋषि ने शिरकत की।

उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया और संक्षिप्त वक्तव्य से उनके विलक्षण लेखन और वाचन कौशल, कला कुशलता तथा बौद्धिक निपुणता की प्रशंसा की और कहा कि भविष्य में भी ऐसी प्रतियोगिताओं की निरंतरता बनी रहनी चाहिए। आज के कविता पाठ प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डा. अनुपम डोगरा, डा. अनीता सरोच और प्रोफैसर सुनीता कटोच ने निभाई।



पालमपुरः हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागी सामूहिक चित्र में। (भृगु)

## प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे

सुलेखन में प्रथम महक, द्वितीय कशिश कटोच, तृतीय कनिका व सांत्वना पुरस्कार ज्योति को मिला। नारा लेखन में प्रथम कशिश कटोच, द्वितीय आस्था, तृतीय हेमंत किशोर तथा सांत्वना पुरस्कार श्रेया शर्मा को मिला। पोस्टर मेकिंग में प्रथम पायल कपूर, द्वितीय साक्षी व तृतीय हेमंत किशोर और सांत्वना पुरस्कार आस्था को मिला। कविता पाठ प्रतियोगिता में प्रथम पायल, द्वितीय नेहा, तृतीय दिपाक्षी व सांत्वना पुरस्कार आस्था को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। इस अवसर पर प्रो धनवीर, डाक्टर मीनाक्षी ठाकुर, प्रोफैसर मनीषा, प्रोफैसर तरसेम, प्रोफैसर मयंक व प्रोफैसर रविंदर उपस्थित रहे। मंच संचालन आस्था और सचिन ने किया। हिंदी विभाग के प्राध्यापकों डा. निशा चंदेल, प्रो. आरती डोहरू तथा डा. रीना राणा ने अमूल्य योगदान दिया।

## निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के अवसर पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों में प्रमुख रूप से आयुष बी.ए. तृतीय वर्ष, खुशी बी.ए. प्रथम वर्ष तथा पलक बी.ए. तृतीय वर्ष आदि शामिल रहे। विद्यार्थियों ने इस बात पर गहन विचार प्रस्तुत किए। इसमें कार्यकारी प्राचार्या कल्पना ऋषि ने बच्चों को कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों में रचनात्मकता शैली का विकास होता है।

329 - हिमाचल दस्तक 30/09/2025

## सुलेखन में महक, नारा लेखन में कशिश प्रथम

पालमपुर। शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में हिंदी विभाग के सौजन्य से 15 से 29 सितंबर तक हिंदी पखवाड़े का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। आयोजन के तहत सुलेख, नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग और कविता पाठ प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन समस्त प्रतियोगिताओं में लगभग 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। समारोह में मुख्यअतिथि के रूप में कार्यकारी प्राचार्य प्रो. कल्पना ऋषि ने शिरकत की। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया और संक्षिप्त वक्तव्य से उनके विलक्षण लेखन और वाचन कौशल, कला कुशलता तथा बौद्धिक निपुणता की प्रशंसा की। कविता पाठ प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. अनुपम डोगरा, डॉ. अनीता सरोच और प्रो. सुनीता कटोच ने निभाई। प्रतियोगिताओं में सुलेखन में प्रथम महक, द्वितीय कशिश कटोच, तृतीय कनिका सांत्वना पुरस्कार ज्योति को मिला। नारा लेखन में प्रथम कशिश कटोच, द्वितीय आस्था, तृतीय हेमंत किशोर तथा सांत्वना पुरस्कार श्रेया शर्मा को मिला। पोस्टर मेकिंग में प्रथम पायल कपूर, द्वितीय साक्षी, तृतीय हेमंत किशोर और सांत्वना पुरस्कार आस्था को मिला। कविता पाठ प्रतियोगिता में प्रथम पायल द्वितीय नेहा तृतीय दिपाक्षी सांत्वना पुरस्कार आस्था को प्राप्त हुआ।

Scanned with OKEN Scanner